हिन्दुस्थान समाचार

6 Apr 2023, 9:31 HRS IST

दश में छह महीने में चीनी का उत्पादन 3 फीसदी घटा, 299.6 लाख टन हुआ उत्पादन

देश में सितंबर में समाप्त होने वाले चालू चीनी वि पणन वर्ष 2022-23 के पहले छह महीनों में चीनी का उत्पादन तीन फीसदी घटकर 299.6 लाख टन रहा है। पिछले चीनी विपणन वर्ष में इसी अवधि के दौरान 309.9 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने यह जानकारी दी है।

देश में छह महीने में चीनी का उत्पादन 3 फीसदी घटा, 299.6 लाख टन हुआ उत्पादन - हिन्दुस्थान समाचार चीनी मिलों के प्रमुख संगठन इस्मा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 31 मार्च, 2023 तक देश में चीनी का उत्पादन 299.6 लाख टन रहा है। पिछले चीनी विपणन वर्ष की इसी अवधि में 309.9 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। उद्योग संगठन के मुताबिक चालू चीनी सत्र के छह महीने में चीनी का उत्पादन तीन फीसदी कम रहा है। आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन अक्टूबर, 2022 से मार्च, 2023 की अवधि में बढ़कर 89 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 87.5 लाख टन रहा था। हालांकि, महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन 118.8 लाख टन से घटकर 104.2 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में चीनी का उत्पादन 57.2 लाख टन से घटकर 55.2 लाख टन रह गया है। वहीं,हीं अन्य राज्यों में चीनी का उत्पादन 51.2 लाख टन रहा है, जबकि पिछले साल इस दौरान 46.4 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। उल्लेखनीय है कि उद्योग संगठन इस्मा ने पिछले चीनी विपणन वर्ष 2021-22 के 358 लाख टन के मुकाबले चालू चीनी विपणन वर्ष 2022-23 में 340 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।